लि पि प्र का श न

जयवंत दलवी

मूल मराठी नाटक का अनुवाद

अनुवादक

डा० कुसुम कुमार

सध्याछाया

[एक साधारण-सा मध्यमवर्गीय कमरा। प्रेक्षकों के दायी तरफ एक दरवाजा। वही से स्नानघर और रसोईघर को आने जाने का रास्ता। बाहर आने-जाने के लिए प्रेक्षको के सामने एक और दरवाजा। इस दरवाजे के बाहर एक लम्बी बालकनी दिखाई देती है। बालकनी के नीचे सडक और सडक पर जलता हुआ एक लैम्प भी दिखाई देता है। बालकनी पर रखा हुआ एक गमला जिसमे लगी हुई बेल का फैलाव ऊपर तक पहुचा हुआ नजर आता है।

बीच वाले दरवाजे की दायी ओर एक बडी खिडकी है। वही एक छोटा स्टूल रखकर प्राय नानी बैठी रहती है। कमरे मे गिनी चुनी कुछ चीजें है। प्रेक्षको के सामने बायी तरफ का एक मेज और एक कुर्सी है। मेज पर एक टेबल लैम्प और ज्ञानेश्वरी की प्रति रखी है। दो सादी चारपाइया और कमरे के एक कोने मे टेलीफोन भी रखा है।

परदा ऊपर उठता है। रसोईघर से धीरे धीरे पैर घसीटती हुई नानी बाहर आती है। उसका दाया पाव सायटिका के कारण दुखता है। नौ गज की साडी पहन रखी है। अभी अभी सिर धोया लगता है। अगोछे से बाल पोछती हुई वह बाहर आती है और खिडकी के पास रखे स्टूल पर बैठ जाती है। खिडकी से सुबह की धूप आ रही है। इसी धूप मे वह बाल सुखाने के लिए बैठी रहती है। उसके बाल वैसे कुछ पके हुए हैं और वय भी पचपन-साठ के बीच जरूर लगती है।

तभी अन्दर से नाना आते हैं। वय साठ-पैंसठ के बीच होगी। उनके पूरे बाल सफेद हैं। स्वास्थ्य वैसे ठीक है पर कुछ वर्ष पहले बाथरूम मे गिर

पडने के कारण उनके घुटने पर स्टनलेस स्टील की कटोरी बिठाई हुई है। घुटने मे दद रहता है, यह उनक चलने स ही पता चलता है। सहज ही यह घुटना वह मोड भी नही सकत। इस समय उनकी धाती पानी गिरने से काफी गीली हो गई है कमर मे भी कुछ दद है। कमर पर हाथ रखकर ही वे बाहर आत है।]

नानी पकडी गई ना कमर ?

नाना (बनावटी जोर दिखाते हुए) कमर किसलिए पकडी जाएगी ? मैं कोई बुडढा हो गया हू ? (सीधे होने का प्रयत्न करते हैं।)

नानी तो भी औरता का काम औरता को ही (आप ही आप हसती है।)

नाना बालो को साबुन लगाने का काम सिफ औरता का ही होता है ? तो फिर हम अपने बालो को क्या लगाते हैं ?

नानी आपके बालो की बात और है हमारी और !

नाना हमारी 'बात और' किसलिए ? बालो को साबुन लगाकर मलना ही तो है !

नानी अच्छे मले हैं ! सारे बालो का गुच्छा बना के रख दिया ! अब इन्हे सुलझाते-सुलझात मेरे हाथ टूट जाएगे ! तल तक नहीं निकला बालो का ! महीना भर सुनाल ऊपर स और रहेगे तेरे बाल धोए तेरे बाल धोए ।

नाना (झूठमूठ चिढकर) तू भी ऐसी है ऐसी है कि बस ! एक एक काम पहले तो करवा लेगी और बाद म दोष निकालती रहेगी !

नानी कौन सा काम करवा लेती हू आपसे ?

नाना बाला को साबुन लगाता हू तेरे रात को नीद जब नही आती तो तेल मलता हू ! तल मलवा लेती है तो वैसे चिढ चिढ करती है कि कानो तक बह आया ! पुरानी आदत है तरी ! बूढी हो गई पर गई नही !

नानी हा बूढी हू रहने दो मुझे बूढी ! आप तो (नाना एकदम कमर सीधी करते हैं) अन्दर जाइए और धोती बदल लीजिए ।

नाना (आलस्य से) बदल कर क्या करना है ?

नानी (जरा चिढकर) करना मतलब क्या ! सारी धोती भीग गई है छीक्त रहग खासत रहगे फिर विक्स मलो काढा बनाओ मुझसे नही हाता अब य सब ! (नाना चुपचाप अन्दर चले जाते हैं। नानी उठती है।) अन्दर गए हैं और धोती यही पडी है। शुक्र है, पाखाने का डिब्बा ठिकाने पे रखा मिलता है।

[खूटी पर स धोती उतारती है। तभी अन्दर धाती न पाकर नाना परेशान हुए से बाहर आत है और नानी से धोती लेकर अदर चले जाते हैं। नानी का ध्यान दीवार पर नगे कैलेंडर की तरफ जाता है। छोटा स्टूल लाकर दीवार के साथ लगाकर रखती है और प्रयत्नपूवक स्टूल पर चढती है। कैलेंडर का पुराना पन्ना फाडती है। और स्टूल खिडकी के पास रखकर फिर से बैठ जाती है। तभी नाना अपनी धोती की चुन्नट ठीक करते हुए आते हैं।]

नाना मैं कोई बहुत बूढा हो गया हू, ऐसा मत समझ !

नानी मैं कुछ भी नही समझती

नाना नही, अभी जो तू कह रही थी

नानी मैंन कब कहा, आप बुड्ढे हा गए हैं ? उल्टे आपन ही पहले मुझे *बुढिया* कहा !

नाना फिजूल कुछ न कुछ उल्टा सीधा बोलती रहती है तू ! मैंने कब कहा, तू बूढी है ?

नानी आप वह भी लें मुझे बुढिया तो मुझे बुरा नही लगना मैं हू ही बुढिया !

नाना कोई बुढ़िया वुढिया नही है बुढ़िया किसलिए ?

नानी किसलिए क्या ? मैं हू ही बुढिया !

नाना बस ! यही बुरी आदत है तेरी ! -- कोई एक बात ल के बैठ जाएगी कि बस ! उसे पीसती बैठेगी । आज की नही, पुरानी आदत है तेरी बूढी हो गई पर ।(नाना जरा गुस्से मे चक्कर लगाने लगते हैं । अचानक उनका ध्यान दीवार पर लगे कलेंडर पर जाता है । कलेंडर की तरफ घूरते हुए) महीना खत्म ? (एकदम से ध्यान मे आता है, कैलेंडर का पन्ना फाडा गया है ।) पन्ना किसने फाडा ?

नानी क्या कहा ?

नाना कैलेंडर का पन्ना किसन फाडा ?

नानी मैंन

नाना क्यो ?

नानी क्यो मतलब ? मैंन फाड दिया तो क्या हो गया ?

नाना पर तेरा हाथ कसे पहुचा ?

नानी स्टूल पर चढ गई थी ।

नाना (चिढाते हुए) स्टूल पर चढ गइ थी ! शरम नही आती कहत हुए ? (नानी देखती रहती है) स्टूल पर चढने को तरा क्या अडा हुआ था ? एक बार गिरकर घुटना तोड बठेगी तब समझेगी ! पहले से ही तेरा यह पैर इतना बडा बडा !

नानी (चिढकर) रहने दीजिए मेरा यह पैर इतना वडा बडा ! आपका तो मोर की तरह है ना !

नाना (हसकर ताली बजाकर गाने लगते हैं) नाच रे मोरा नाच ! अबुआ के वन म नाच !

नानी (हसती है) अब छोटे बच्चो की तरह नाचो पर नाचते हुए

अपना घुटना सभालना !

नाना पर मैंने जो कहा, उसमे कुछ झूठ है क्या ?

नानी क्या ?

नाना स्टूल से एक बार गिर पडती ता ?

नानी आपने जो गुसलखाने म गिरकर घुटना तोड लिया तब स्टूल पर चढे थे क्या ?

नाना तू भी ऐसी है कि कुछ न कुछ उल्टा सीधा बोलती रहगी पुरानी आदत है तरी

नानी (शरारत से) बूढी हा गई, अभी तक गई नही !

नाना अब मैंने नही कहा बूढी तुझे

नानी कह लो ता भी क्या ?

नाना पर मैंने नही कहा उल्टे तू ही उठत बैठते मेरे घुटन का मजाक उडाती रहती है। घुटने की हडडी क्या मैंन जान-बूझ कर तोडी है ?

नानी मैंने कभी मजाक नही किया

नाना खूब किया है घुटने पर जब स्टेनलेस की कटोरी लगी तो तूने यह भी कहा था, कटोरी दाल छौंकन के काम आती, घुटने पर क्यो लगा दी ?

नानी (हसती है) मैंने कब कहा था ? (फिर हसी आती है।)

नाना (चिढकर) हसती है, तूने नही कहा था ?

नानी कहा होगा कभी एक बार मजाक से पर फिर कभी मुह से नही निकाला मैंन उल्टे आप ही उठते बैठते

नाना मैं कुछ नही कहता बाबा ! तू मजाक उडाती है मेरे घुटने का मुसस मुडता नही दुखता है

नानी ओ हो ! दुखता है ? अभी तो नाच रे मोरा नाच कहकर नाचने जा रह थे (हसती है) नाचिए ना जरा !

नाना नहीं।

नानी नाचिए ना! ऐसा भी क्या?

नाना नही!

नानी अब नखरे मत करिए! एक बार नाचिए गाना मै गाऊ? नाच रे मारा

नाना नही! मेरा पैर दुखता है।

नानी (घबराकर) सच्ची, दुखता है?

नाना और नही तो!

नानी फिर आप नाचे किसलिए?

नाना कहा नाचा हू?

नानी मेरे सिर को साबुन मलने क्या आ गए?

नाना मैं कहा आया? तू ही कहती थी जरा बालो को अच्छी तरह साबुन लगाकर मल दीजिए ना! तेल नही जाता बालो से

नानी पर तेल गया कहा?

[नाना एकदम माथे पर हाथ मारते है। तभी दरवाजा खटकता है। नाना दरवाजा खोलते हैं। म्हादू नौकर आता है।]

नाना क्या है म्हादू?

[म्हादू कुछ बोलता नही। उसके मुह मे सदा पान-तम्बाकू का बीडा रहता है। तभी शायद वह एकदम बोल नही पाता। काम झटपट करने की आदत है। नाना नानी की गति जितनी धीमी है, उतनी ही इसके काम मे फुर्ती है। वह जल्दी से कमरे मे झाडू लगाकर अन्दर चला जाता है। उसके इस फुर्तीलेपन को नाना नानी देखते रह जाते हैं। म्हादू अन्दर चला जाता है तभी नाना-नानी एक-दूसरे की तरफ देखते हुए—]

नानी लग गई इसको झाड् !

नाना कालेज के दिना म मैं जब होस्टल मे था ऐसे ही झाड् लगाना था अपने कमरे मे

नानी पर कितने दिनो वाद ?

नाना (उसकी तरफ देखते रहते हैं, नानी साडी के पल्ले मे मुह छिपाकर हसती है।) कुछ न कुछ सुनने की तरी आदत ही है। (कमरे मे ही दो-तीन चक्कर लगाते हैं। एकदम दीवार पर लगी घडी की ओर ध्यान जाता है।) आज गुरुवार है ना ?

नानी हा ! क्यो ?

नाना (खुश होकर) घडी को चाबी देनी है।

नानी (उठकर) आप स्टूल पर मत चढिए, मैं देती हू चावी

नाना तू ? स्टूल पे चढेगी ?

नानी क्यो ? कभी स्टूल प चढी नही ?

नाना और मैं जैसे इस पूरे जनम मे स्टूल पे नहीं चढा !

नानी घर म माचिस खतम हो जाए और कहो 'ला दीजिए' तो कहगे पाव दुखते हैं। जीना चढा उतरा नही जाता और स्टूल पर

नाना आदत डालनी चाहिए यही सोचता रहा, घुटना दद होता है घुटना दद होता है, तो कभी स्टूल पर नही चढा जा सकेगा

नानी काई जरूरत नही है आपको स्टूल पे चढने की मैं चढती हू ! मैं चाबी देती हू

नाना नही, आज मैं चाबी दूगा।

नानी अब इस उम्र मे, यू बच्चो की तरह मत किया करो।

नाना मैं कुछ नही जानता, आज चाबी मैं दूगा।

[दोनो स्टूल पर चढने की तैयारी मे होते हैं कि जल्दी-

जल्दी म्हादू अन्दर से आता है और झट से स्टूल पर चढकर घडी की चावी कटकट घुमाने लगता है। नाना नानी उसकी तरफ दखत रह जाते हैं। म्हादू घडी का कवर बन्द करक नीचे उतरता है और जल्दी स अपने काम के लिए पुन अन्दर चला जाता है। नाना-नानी एक दूसर की तरफ देखत रह जाते हैं।]

नानी चलो अच्छा हुआ !

नाना यह साला बडा आगाऊ है ! इसे किसन कहा था चावी देने के लिए ?

नानी देने दो !

नाना दने कैसे दो ? कैलेंडर का पन्ना तू फाडे ! घडी की चावी यह दे ! फिर मैं क्या करू ?

नानी जरूरत क्या है आपको कुछ करने की ?

नाना इस तरह मेरा वक्त कैसे कटेगा ? दिन भर बैठा-बैठा क्या करू ?

नानी जरूरत क्या है आपको कुछ करन की ? आराम से बैठे रहा कीजिए।

नाना नही बैठूगा मैं आराम से नही बैठूगा। तू मुझे समझती क्या है ?

नानी तो यू कीजिए—

नाना क्या ?

नाना वालकनी की बल का लोटा भर के पानी डाल दीजिए।

नाना (हर्षित होकर) सच ! *आज किसी ने बेल को पानी नही दिया।*

[ऐसा कहकर नाना रसोईघर म जाते हैं। तभी पीछे से म्हादू आकर बालकनी के गमले म पानी डालता हुआ दिखाई देता है। नाना लोटे म पानी लेकर आत

है और खिडकी से म्हादू को देख लेते हैं। कुछ शर्मिन्दा होकर वही खडे रह जाते हैं। म्हादू, हाथ का खाली लोटा लेकर अन्दर जाता है और जाते जाते नाना के हाथ का भरा हुआ लोटा भी ले जाता है। नानी देखती रह जाती है।]

नानी क्या हुआ ?

नाना (गुस्से से) क्या हुआ, क्या ? कहे देता हू, इस उल्लू के पटठे का रौब नहीं चलने दूगा मैं—

नानी किसका ? (हसती है।)

नाना इस इस म्हादू का। सर फोड के रख दूगा साले का

नानी पर वह तो आपके आराम के लिए ही करता है ना ? (हसती है।)

नाना (उसकी हसी से चिढकर) हस मत, उल्टी खोपडी !

नानी होने दो, आप यू कीजिए

नाना क्या ?

नानी आज अच्छी धूप निकली है हम यू करते हे सभी रेशमी साडियो को धूप दिखाते हैं।

नाना मैं ? साडिया धूप मे डलवाऊ ?

नानी क्यो ?

नाना रेलवे म क्लास वन आडिटर था मैं ! तरी साडिया को धूप दिखाऊ ? रास्ता देख

नानी अच्छा ! मैं डालती हू धूप म, आप जरा वो ट्रक तो खीच देंगे ना ?

[नाना धीरे धीरे खाट की तरफ बढते ह। झुककर एक हाथ खाट पर रखते हैं। दूसरे हाथ स ट्रक खीचने ही वाले होते हैं कि तभी अदर से म्हादू आता है और झट से ट्रक खीच कर नानी के सामने रखकर अदर

चला जाता है। नाना पागल की तरह देखत रहते हैं। नानी मुह पर पल्ला रखकर हसती है।]

नाना (चिढकर) हस क्या रही है ?

नानी मैं कहा हस रही हू ? (मुह पर पल्ला रखती है लेकिन उसकी हसी काबू मे नहीं आती। नाना चिढे हुए इधर से उधर ओर-ओर से चक्कर लगाने लगते हैं। नानी ट्रक खोलती है। एक जरी की साडी निकालकर खिडकी और स्टूल पर फैला देती है।) यह साडी यह आप ही लाए थे ना ?

नाना (अभी भी गुस्से मे हैं।) मुझे नही पता !

नानी नही नही ! (चोरी से नाना की ओर देखते हुए) आप कहा लाए थे ? मेरे पीहर से आई थी

नाना हा हा ! पीहर से आई थी ! पीहर से सिफ तू आई थी और कुछ नही आया। कहती है पीहर से आई थी ! (नानी गदन नीची किए हसती है।) मैं मैं लाया था बनारस से।

नानी वही तो मैं कहन जा रही थी, पर आप तो कुछ सुनने के लिए तैयार ही नही। सवा सौ की है ना यह साडी ?

नाना सवा सौ क्या ? सऽऽवा सौ कह ! उस जमाने क सऽऽवा सौ !

नानी याद है, दीनू जब पैदा हुआ था तब की बात है ?

नाना या" ना रहन की क्या बात है ? (आगे बढ़कर ट्रक मे से एक और साडी उठाकर) यह यह साडी भी मैं लाया था।

नानी यह साडी नही, ओढनी है।

नाना (शरमाकर नीचे रख देते हैं।) होगी।

नानी यह साडी मैंने कभी पहनी ही नहीं। सोचा दीनू की बहू पहनगी

नाना पहनेगी ! पहनेगी ! दीनू की बहू जरूर पहनेगी ! सोचती रह !

नानी चिढाओ मत ! पहनेगी ! दीनू को एक बार यहा आ ता जाने दीजिए इस बार शादी किए बिना नही छोडूगी। अब इस घर म बहू आनी ही चाहिए। मेरे बाल धोने को बाल सुलझाने को इस उम्र म भी सब कुछ अपने आप करो अब मुझसे नही होता।

नाना हा, हा ! तुझसे नही होता। होगा कसे ? नाना जो है !

नानी किसलिए ?

नाना तेरे बाल धोने को तेरे बाल सुलझाने को

नानी ला दनो ! एक बार भूल से बालो को साबुन क्या लगा दिया कि बस ! जनम भर उसी की रट लगाए रहेंगे यह सुनते सुनत मेरे बाल झडने लगेंगे

नाना झडने दे ! झडने दे ! तल मलने के लिए नाना तो है ही ! पर सुन, बाल झडने से पहले बेटे की शादी तो रचा ले !

नानी वो तो रचाऊगी ही, छोडूगी थोडे ! फिर जरा बडा फ्लैट लेना पडेगा।

नाना सब कुछ ले लेंगे, पहले जरा दीनू को तो आ जाने द अमेरिका से।

नानी आएगा ही, आए बिना कैसे रहेगा ?

नाना लकिन कब ? आठ साल तो हो गए, कब आएगा ?

नानी (चिढकर) आ जाएगा, आप ऐसा वैसा कुछ मत बोलिए आएगा ही, आए बिना कैसे रहगा ? वहा किसके लिए रहगा ? कौन है वहा प्यार से उसकी देखभाल करने वाला ? वहा अमेरिका मे है क्या ?

नाना है क्या, यह तेरे कहने से क्या ? यह तो उसे दीनू से पूछना चाहिए।

नानी (जरा चिढकर) पर यह सब किया तो आप ही का है ना ?
नाना तू यह दोप बार बार मेरे सिर मत थोप !
नानी दोप आपको कैसे ना दू ? आपने ही उसे अमेरिका भेजा।
नाना भेजने का मतलब हमेशा के लिए वही रह जाने को तो नही कहा था मैंने ?
नानी पर मैं पूछती हू, भेजने की जरूरत क्या थी ? इजीनियर बन गया था यहा काफी था वहा की पढाई का कौन मोती लग थ ?
नाना अरे ! पर मैंने क्या बुरा
नानी अब आप चुप रहिए। अच्छी भली नोकरी थी उसकी यहा वह आपने छुडवा दी उसे वहा इतनी दूर भेज दिया।
नाना लेकिन क्या ? इसीलिए ना कि जब वहा से लौटेगा और अच्छी नौकरी मिलगी मोटर लेगा बगला लेगा और
नानी इस और और ने ही सब सत्यानाश किया है। और और का भूत एक बार सवार हो जाए तो फिर किसी चीज का कोई अन्त नही। आखिर हर चीज की कोई मर्यादा होती है। थाडे म सुख मानना आपकी इस और और ने लीजिए अब ...ठ साल हो गए ! वो वहा और और पैसा कमा रहा है यहा आने का नाम नही !
नाना भगवान जाने, वहा शादी कर बैठा है या क्या
नानी अब एसा अशुभ मत बोलिए। वहा शादी नही करेगा वो। उसने वहा की लडकी स शादी कर ली तो मुझसे निर्वाह नही होगा। मरी बहू मेरे पोती पोते मेरे ही कुल के लगन चाहिए।

[म्हादू अपनी हाफ पैंट से हाथ पोछता हुआ बाहर आता है और दरवाजा खोलकर निकल जाता है। नाना-नानी उसकी तरफ देखत रह जाते हैं।]

नाना यह आदमी सुखी है। काम करना और पेट भरना ! जी को किसी तरह का कोई जजाल नही, हमारी तरह

नानी औरत के वच्चा होने वाला है इसकी।

नाना वा तो होगा ही न होने की क्या बात है ? जहा देखो वही जल्दी जल्दी !

नानी आपने जल्दी म कौन सी कमी की थी ?

नाना ओ हा हो ! अच्छा हुआ ता भी जो शादी के सात साल तक कुछ नही हुआ। तुझे ही जल्दी थी तभी पूजा, उपवास, मन्नतें ! सात साल बाद दीनू हुआ और कहती है, मुझे जल्दी थी !

नानी रहन दो ! आपको दिए तो सही ना दो लडके ?

नाना दिए ! एक अमेरिका बैठा है ! दूसरा फौज मे काश्मीर आज अपनी मालू होती तो कम स कम वह तो हमारा साथ देनी ! नद्र के ऊपर से जल्दी जल्दी आई और जल्दी जल्दी चली गई

[कुछ क्षण बिल्कुल शाति।]

नानी आप आज पहले दीनू को पत्र लिखिए।

नाना क्या ?

नानी लिखिए एकदम चला आ ! हमे तेरी अमेरिका की नौकरी नही चाहिए पैसा नही चाहिए यहा जो रूखी-सूखी मिलेगी वही बहुत है। पैसे के लिए छाती फटने तक दौड-धूप करने की क्या जरूरत है ? कहिए, तुझे हमारी नजरो के सामने होना चाहिए !

नाना तू कहती है तो एक बार और लिख देता हू पर तू जानती है, कितनी बार यही बात उसे लिख चुका हू फोन पर हर बार कहता हू पर उसका वही एक ही जवाब हिदुस्तान आकर खाऊ क्या ? पत्थर ?

नानी (चिढकर) हा, हा कहना यहा आकर पत्थर ही खा लेना। हम भी तो पत्थर खाकर जी रहे हैं ना ? हमारे पूवज आखिर क्या खाकर जिए यहा ?

नाना उसका कहना है उसके हिदुस्तान आने से बडी बात क्या हो जाएगी ? कहता है आप बीमार पडें तो नस रख लीजिए नस के पैसे भेज दूगा कीमती टानिक लीजिए दवाइया लीजिए पसे भेज दूगा। रोज फोन पर बात कीजिए फोन के पैसे भिजवा दूगा इसीलिए तो उसन दिया है ना यह फोन ?

नानी *आग लगे एस पैसे को ! फिर ऐसी बात करे तो मुह तोड* दीजिए उसका। बहुत सुनी हैं हमने उसकी, पर अब मैं एक नही सुनने की उसकी। आप उसे लिखिए फौरन आ जाए यहा। कहिए, तरी और नदू की शादी अब एक साथ करेंग। यह घर अब भर जाना चाहिए। बहुआ के जापे पोती पोता के खेल उन्ह कौवे चिडियो की कहानिया सुनाना सुनाना तो एक तरफ पता नही आजकल ये कहानिया कहा गुम हो गइ (*नाना खिडकी से सर टिकाए हुए दूर कहीं देखते रहते हैं।*) खाली घर काटने को आता है वक्त बिताए नही बीतता आप मेरे मुह की तरफ दखत रहत है मैं आपके मुह की तरफ वही दाल चावल पकाना खाना है सिफ इसी लिए खाना यह चाहिए, यह नही कह कर खान वाला कौन है यहा ? वह नदू कम-स कम वह तो यहा नौकरी करता वह भी सना म चला गया विमान उडाता है देश की सेवा कर रहा है यहा बुढापे मे हमारी सवा करनेवाला काई नही उल्टे हमारे जी को चिता ही चिता ! सुख एक बच्चे से भी नही !

[*बोलत बोलत नानी का गला रुध जाता है। आखो पर साडी का आचल लगाकर रोती है। नाना खडे*

खडे उसके वालो पर हाथ फिराते हैं। मारा घर उदास सा लगता है। इस वातावरण को कैसे बदलें—सोचकर नाना इधर उधर देखने लगते हैं। इतने म बालकनी पर एक कौवा आकर बैठता है और काव काव करता है। नाना-नानी क्षण भर कौवे की तरफ देखते रहते हैं।]

नानी (उदास होकर) यहा कौन आन वाला है बाबा !

नाना (जरा दिखावटी उत्साह से) जरूर आन वाला है। कौवे-कौवे तू उड जा ! *(कौवा उड जाता है। नाना दिखावटी उत्साह से तालिया बजाते हैं और कहते हैं)* देखा ? कौवा उड गया नानी ! कोई न-कोई आएगा जरूर काई-न कोई आएगा, नानी

नानी (भावहीन दृष्टि से) कौन ? कौन आएगा ?

नाना गीनू आएगा शायद अमेरिका से या अपना नदू काश्मीर से (तभी फोन बजता है। नाना फोन की तरफ बढते हैं।)

नानी किसका फोन है ?

[नाना फोन उठाते हैं। फोन उठाते ही बायी तरफ पारदशक जाली के परदे मे एक कोने मे हरा प्रकाश जल उठता है और उस परदे के पीछे फोन पर एक आठ दस वष की लडकी शर्मिला—फोन पर दिखाई देती है।]

शर्मिला दाडकर बोल रहे हैं क्या ?

नाना दाडेकर ? (क्षणभर चकित होते हैं और—) हा हा, दाडेकर

नानी दाडकर कौन ?

नाना (फोन पर हाथ रखकर नानी से) राग नम्बर है। जरा मजा

करत है ! (फोन पर) हा हा, दाडेकर, तुम कौन ?

शर्मिला मैं शर्मिला

नाना शर्मिला टैगोर ? (हसते हैं।)

शर्मिला अर नही ! शर्मिला दीक्षित।

नाना शर्मिला दीक्षित अच्छा अच्छा !

नानी कौन है ?

नाना (फोन के बाहर) शर्मिला दीक्षित

नानी यह कौन है ?

नाना एक लडकी

नानी क्यो बोल रहे हो उससे ? न जान, न पहचान !

शर्मिला (हडबडाकर) किससे बाल रह हैं आप ?

नाना तेरी दादी से दादी मतलब, वैसे बहुत बूढी नही है (हसते हुए) अभी दात नही गिरे उसके !

शर्मिला (हसकर) सच ? पर बुढिया की तरह बाल सफेद हैं कि नही ?

नाना (नानी को गौर से देखते हुए) हा हा बाल तो काफी पक गए हैं !

नानी किसके ?

नाना (रिसीवर पर हाथ रखकर) मेरे !

नानी यह सब क्या हो रहा है ?

नाना (रिसीवर पर हाथ रखकर) जरा मजा टाइम पास तू दादी बन गई।

नानी किसकी दादी ?

शर्मिला पर आप कौन ?

नाना मैं ? वो ! अरे मैं तेरा दादा !

शर्मिला (हसती है) दादा ! कितना मजा !

नाना कैसा मजा ?

शर्मिला आज से मेरे दो-दो दादा !

नाना दो ? (जरा चुप हो जाते हैं) सुन ! मेरा फोन नम्बर लिखेगी ?

शर्मिला क्या है ?

नाना लिख तो सही !

शर्मिला हा, बताइए (पसिल उठाकर लिखती है)

नाना लिख 582946, लिख लिया ?

शर्मिला हा।

नाना तेरा क्या नम्बर है ?

शर्मिला 585352 (नाना लिख लेते हैं।)

नाना अब क्या करना है, बताऊ ? रोज दोपहर को मुझे एक बार फोन करना दोपहर को घर होती है ना ? स्कूल कब जाती है ?

शर्मिला स्कूल सुबह ।

नाना बहुत अच्छा फिर रोज दोपहर को मुझे फोन करेगी ना !

शर्मिला क्यो ?

नाना यू ही, जरा मजा आएगा।

शर्मिला इसमे मजा कैसा ?

नाना (गम्भीर होकर) कैसा ? अरे तेरा दादा हू ना ? सुन, मैं ठहरा बूढा (भावावेग से) यहा कोइ छोटा बच्चा नही है मुझ से बात करने को किसी से बात करके अच्छा लगता है बोलेगी ना ?

शर्मिला हा !

[शर्मिला के पीछे उसके दादा खडे हैं। वह उससे पूछते है, "किससे बात कर रही है।" शर्मिला का उत्तर—'राग नम्बर है।' दादा—"फोन नीचे रख दो।"

शर्मिला फोन नीचे रख दती है। कौन का हरा प्रकाश
व द।]

नाना हलो हलो ह लो (कहते हुए फोन रख देते हैं।)

नानी कौन थी वा ?

नाना कितनी प्यारी बच्ची थी !

नानी कह ता ऐसे रह हो, जैसे आखा से देख ली हो !

नाना आवाज से पता नही चल जाता ? शर्मिला दीक्षित

नानी उम्र कितनी है ?

नाना होगी आठ दस साल।

नानी धत् तरे की ! मैंन समझा शादी लायक है। सोचा दीनू के लिए
जान पहचान कर रह हो—

नाना छोटी सी लडकी थी रे ! उससे बात करत हुए लग रहा था
लग रहा था, मैं अपनी ही पोती से बात कर रहा हू दीनू
की लडकी से दीनू की शादी बीसवें साल म हो जाती तो
अब उसकी लडकी इतनी बडी ना होती ?

नानी लडकी क्यो ? अच्छा भला लडका होता !

नाना दाना लडके सता रहे हैं। तब भी लडका का शौक गया नही
तरा ! सच, उसे यहा लाना चाहिए

नानी दूसरे का बच्चा हम कैसे ला सकते हैं ?

नाना लाना, यानी रख तो नही लेंगे उसे रहेगी घटा दो घटे
खेलेगी खा पीकर चली जाएगी।

नानी पर लाएगा कौन ? आपसे जीना चढा उतरा नहीं जाता
घुटने म दद होता है।

नाना तो भी जाऊगा मैं उस बच्ची को लेकर आऊगा पता पूछ
लेना चाहिए था मुझे उसका

नानी उस वक्त पूछ लेना चाहिए था हर काम मे जल्दबाजी रहती
है आपको

नाना रुक, फोन करता हू, उससे पता पूछता हू ।

[फोन करते हैं। कोने मे हरा प्रकाश। शर्मिला के दादा फान उठाते हैं।]

दादा (रोबीले स्वर मे) हलो कौन ?

नाना (हडबडा जाते हैं) शर्मिला है क्या ?

दादा शर्मिला कौन ?

नाना (कुछ घबराकर) शर्मिला टगोर

दादा (चकित होकर) शर्मिला टैगोर ? वो यहा कहा ?

नाना (ध्यान मे आने पर) टैगोर नही, शर्मिला नीगित ।

दादा आप कौन ?

नाना (हडबडाकर) मैं मैं उसका दादा ।

दादा (चकित होकर चिल्लाता है ।) दादा ? आप कैसे उसके दादा ? मैं उसका दादा वा वा !

[नाना एकदम घबरा जाते हैं और फान नीचे रख दत हैं। कोन मे अधेरा ।]

नाना (घबराकर) अरे बाप रे !

नानी क्या हुआ ?

नाना उसके दादा न ही फोन उठा लिया ।

नानी क्या कहा ?

नाना कहा मैं उसका दादा आप कैसे उसके दादा ?'

[घबराई हुई अवस्था मे ही नाना कमरे मे चक्कर लगाते है। अधेरा। फिर प्रकाश। वही स्थल। कुछ ही घटे बाद। दरवाजा खटकता है। नाना दरवाजा खोलते हैं। दरवाजे पर पोस्टमैन। नाना पत्र लेते है।]

नानी (बाहर आती हुई) किसकी चिटठी है ? दीनू की ?

नाना (लिफाफा फाडते हुए) नद का लगता है

नानी अमेरिका स दीनू की चिटठी आए कितने दिन हो गए

नाना चौदह दिन ।

नानी आज रात आप उसे फोन कीजिए इतने दिन कभी नही लगाता वो चिट्ठी म पढिए पढिए गुजिया नदू ने खाई कि नही ?

नाना (आखा पर चश्मा लगाकर पत्र पढते हैं।) पूज्य नाना, सप्रेम नमस्कार। आपकी चिटठी मिली। गुजिया का पामत दो दिन हुए मिला। गुजिया बहुत अच्छी बनी थी, इधर सबको बहुत अच्छी लगी। पर मेरे हिस्से ज्यादा नही आई। यहा की मित्र मडली ने पूरी की पूरी गुजिया एक ही बठक म उडा डाली।'

नानी (माथे पर हाथ रखकर) बावला है यह भी ! गुजिया का डिब्बा दोस्ता क आगे रखने की क्या जरूरत थी ? अपन कमरे मे छिपाकर नही रख सकता था ?

नाना मा का गुण बटे म नही आया ! (पत्र पुन पढते हैं) पर नानी को कहिए अब और गुजिया न भेजे। क्योकि अगले महीने मैं ही छुटटी पर आ रहा हू। वही खाऊगा, खूब खाऊगा।

नानी गुजिया तो उसके प्राण है! और दीनू को मीठी रोटी कौन बनाकर खिलाएगा उस वहा अमेरिका म—(यह सब नानी अपने आप बोलती रहती है और नाना उसकी तरफ देखते रहते हैं।)

नाना (पत्र आगे पढने लगते हैं) न्यूयाक से दीनू का पत्र आया था वह वहा ठीक ठाक है—(पत्र ध्यान से देखते हुए) यहा पर कुछ लाइनें मिटाई हुई हैं उसने दीनू क सबध म कुछ लिखा था, पर फिर मिटा दिया है

नानी पढकर देखिए पढकर देखा जाता है तो (मिटी हुई लाइनें पढने का प्रयत्न करते हैं लेकिन उनसे पढा नहीं जाता।) मैं

पढती हू आपको कभी ठीक से पढना आया भी है ? (नाना पत्र नानी को देते हैं। वह चश्मा ढूढ़ती है। यह ले कह कर नाना अपना चश्मा उसे देते हैं। वह लगाकर नानी पत्र मे मिटी हुई लाइनें पढने का प्रयत्न करती है पर) एक अक्षर भी समझ म आए तो शपथ ! दीनू की तबीयत क बारे म कुछ लिखकर मिटाया लगता है।

नाना (सोचते हुए) तबीयत ? उसकी शादी क बारे म तो कुछ लिखा नही है ?

नानी ऐसा किसलिए कह रह हैं आप ?

नाना यू ही

नानी 'नानी' शब्द लिखा है वहा पर ?

नाना छे ! नही !

नानी नही ! हम बताए बिना दीनू ऐसा नही करगा। पर आप आज रात उसे फान कीजिए यूयाक। अभी क्यो नही करते ?

नाना रात का ही करेंगे, ज़रा जागेंग आज। रात को दर से करने पर जल्दी मिलता है फोन। सुनाई भी ठीक से देता है।

नानी पर याद रखिए नही तो आप भूल जाते है और नदू को भी लिखिए छुट्टी पर आते वक्त विमान से आने की जरूरत नही रल स ही आए (बिल्कुल दीनू की तरह दिखने वाला एक युवक विनय भोले दरवाजे मे खड़ा दिखाई देता है। उसे देखते ही नानी हडबडा जाती है और उत्तेजित होकर—) अर दीनू !

नाना (एकदम घबराकर) कौन ? कौन ?

नानी (हसती हुई) भूल हो गइ। मुझे बिल्कुल दीनू की तरह दिखाई दिया लगा जसे दीनू ही आया है।

नाना आप कौन ?

विनय यहा श्री करदीकर रहत हैं क्या ?

नाना नही ! मैं अम्यकर आइए आइए आइए।

विनय आय एम सारी माफ कीजिए ? (हडबडाकर वापस जाने के लिए घूमता है। तभी)

नाना जाइए ना ! अन्दर आइए।

[विनय को आग्रह करके अदर लाते हैं और वठन के लिए कुर्सी देत है। बहुत वर्षों के बाद जस दीनू घर आया हो समझकर नाना-नानी उस घेर लत है। उन दोनो को ही कोई बात करने के लिए या अपना एकान्त दूर करने के लिए कोई न कोई चाहिए होता है और वह मिल जाने स नाना नानी खुश हो जाते है। वह उठकर चला न जाए इस डर से वे विनय को वातो मे लगाए रखते हैं।]

विनय (जरा शरमाते हुए) माफ कीजिए मैं समझा यहा करदीकर रहत हैं। इसलिए

नानी करदीकर कौन ? (जरा सोचती है)

नाना अरे वे वे हाग

नानी पर व तो रायलकर हैं ना ?

नाना फिर वे

विनय (जेब से विज्ञापन की कटिंग निकालकर पढते हुए) सी० वी० करदीकर जयमगल

नानी यह भी जयमगल बिल्डिंग ही—

विनय जयमगल न० तीन—

नाना यह एक नबर है सडक के उस तरफ न० तीन—

विनय ठीक ठीक थैंक्यू (जाने के लिए उठता है।)

नाना बठो बैठो ना ! (उसका कधा पकडकर बिठाते हैं) करन्दीकर आपके रिश्तेदार हैं ?

विनय नहीं नहीं ! उन्होने विज्ञापन दिया था, पेइगगैस्ट के लिए

नाना वे करत क्या हैं ?

विनय क्या पता ?

नाना हम भी कुछ पता नही नए-नए लोग आकर रहते हैं। पेइग-गेस्ट कौन है ? (नानी अन्दर जाती है)

विनय मैं ही ! मुझे ही पइगगेस्ट एकमोडेशन चाहिए।

नाना आपका नाम क्या है ?

विनय विनय भोले।

नाना एक भोले रेलवे आडिट मे थे उन्नीस सौ वीस के आस-पास

विनय हमारा रेलवे मे कोई नही

नाना अच्छा ! माता पिता कहा रहत हैं ?

विनय बेलगाव। वहा हमारी कपडे की दुकान है।

नाना आप क्या करते है ?

विनय मैं यहा इजीनियरिंग कालेज मे हू फाइनल म।

नाना अच्छा अच्छा ! और आगे क्या अमेरिका वगैरह जाना चाहते हैं ?

विनय नही।

नाना (आश्चय से) क्यो ?

विनय वहा है क्या ? किसलिए जाया जाए !

नाना (जोश मे आकर) व्हैरी गुड ! आय एम प्राउड आफ यू !

[एकदम खडे होकर उसे थपकी दते है। विनय को कुछ समझ नही आता। वह हडबडा जाता है।]

विनय क्यो ? क्या हुआ ?

नाना कुछ नही। कुछ खास नही। (ध्यान मे आता है कि उन्होने जरूरत से ज्यादा उत्साह दिखाया है।) वैसे होता क्या है आजकल जो कोई उठता है अमेरिका चला जाता है इगलैंड चला जाता है कैनडा चला जाता है जमनी चला

जाता है वाद म सब वही रहने लगत हैं स्थायी हो जात हैं और हम यहा ब्रेनड्रेन ब्रेनड्रेन चिल्लाते रहते हैं।

विनय विदेश जाने वाले सभी लोगा का ब्रेन खास होता हो यह बात नही पर चिल्लान की हम आदत है यह सच है

नाना (एकदम खुश होकर) यू आर राइट ! एब्सल्यूटली राइट !

विनय और मैं कहता हू ब्रेनड्रेन कैसे हो सकता है ? यहा रहन वाला का भी तो ब्रेन है ! उनके ब्रेन का उपयाग कर लीजिए, काफी है !

नाना यू आर राइट ! एक बात कहू ? आप (कुछ रुककर) आपको मैं तू कहू तो चलेगा ना ?

विनय हा, हा क्यो नही ? आपके तो बच्चो की तरह हू मैं

नाना गुड बाय ! सच बात कहू तो तू इगलैंड-अमेरिका मत जाना। यही अच्छी-सी नौकरी मिल जाएगी तुझे अपने देश म भी कुछ कम प्रगति नही हो रही अब काफी कुछ हो रहा है यू ही चिल्लाते रहते हैं हम ये नही हुआ वो नही हुआ चिल्लाना तो अब हमारा राष्टीय धधा बन चुका है दूसरो का नाम ले लेकर चिल्लाते रहगे खुद कुछ करें कराएग नही अपन यहा भी तो बहुत-सी योजनाए बन रही हैं तू इजीनियर हो जाएगा तो तुझे यहा नौकरी मिल जाएगी और न भी मिली तो तू हिम्मत दिखाना अपना कोई धधा खोल लेना अपने साथ दस बीस और को भी नौकरी देना अरे आखिर हम मिले मिले मिले, यानी कितना ? मिलन की भी कोई मर्यादा होनी चाहिए कभी ता सब्र करना पडता है (नाना यह बातें क्यो कहे जा रहे हैं समझ मे न आने पर विनय चकरा रहा है।) बच्चो को वहा मनभाती ऐश और पसा मिलता रहे और बुड्ढे मा बाप यहा बिना किसी सहारे के जिदगी की घडिया गिनते रह

विनय आपके बच्चे यहा हैं ?

नाना छोटा एयरफोर्स म आजकल काश्मीर पास्टिड है बडा अमेरिका है इजीनियर

विनय अमरिका म कहा ?

नाना न्यूयाक। आठ साल हो गए

विनय यहा नही आएगे ?

नाना आएगा आएगा वहा रह के क्या करेगा ? आना तो पडेगा ही उसे आखिर वडा लडका है (जरा रुककर) तुम कितने भाई बहन हो ?

विनय मैं और एक मेरी बहन (तभी नानी चाय के प्याले लेकर आती है।) आपने चाय की क्यो तकलीफ की ?

नानी इसम तकलीफ की क्या बात है ? पीते हो ना चाय ? या काफी बनाकर लाऊ ?

विनय नही नही पीता हू चाय लेकिन आपने यह इतनी तकलीफ

[विनय नानी के हाथ से ट्रे ले लेता है। मेज पर रखता है और सबको कप देता है।]

नाना तुम लो ! तुम लो ! (चाय पीते हैं।)

विनय (चाय का पहला घूट लेकर) वा ! चाय तो फर्स्टक्लास बनी है।

नानी (खुश हो जाती है, उसे एकदम गुजिया का ध्यान आता है।) जरा रुको, गुजिया लाती हू गुजिया अच्छी लगती है कि नही ?

विनय गुजिया ? वाह ! मुझे बहुत अच्छी लगती है मेरी मा भी बनाती है।

नानी हमारा छोटा बेटा नटू है ना ?

विनय काश्मीर जो रहता है वो ?

नानी आप उस जानत हैं ?

विनय नही, इन्हान अभी बताया

नानी गुजिया उसके ता प्राण हैं ! अभी लाती हू ।

[पर घसीटती हुई अन्दर जाती है ।]

नाना यहा सिफ हम दोना हो हैं छोटा लडका नट्टू काश्मीर बडा दीनू अमरिका हम ता अब यह घर काटने का आता है ! जि दगी भर इसान मरमर मेहनत करता है आखिर किसके लिए ? अपन बच्चो क लिए ही ना ? जी चाहता है बच्चे बडे हा उनकी शादिया हा आगे उनक बच्चे हा वो दादा दादी स हठ करें—खेलें मस्ती करें—वे भी अपनी आखा के सामन बडे हा—वह जो कली होती है ना कली !—कैसे खिलती है पखुडी पखुडी करक—पहले बाहर की पखुडिया खिलती हैं फिर अन्दर की फिर और अन्दर की पखुडिया खिलती हैं—जी चाहता है अपने कुल का फूल भी अपनी आखो के सामन इसी तरह खिल—लेकिन हुआ ये—

[तभी नानी गुजिया लकर आती है और नाना चुप हो जात हैं ।]

नानी गुजिया बनाने मे काफी मेहनत लगती है यह कोई नमकपारे नही जो काटे और घी मे डाल दिए । इसीलिए ता कोई मन स खाए और मागकर ले ले तो अच्छा लगता है नही तो क्या ? इतन शौक से बनाओ और खान वाला कोई होता ही नही (वह लेकर खाना शुरू करता है) अच्छी लगी ?

विनय वाह ! एकदम खस्ता बनी है !

नानी खाओ, और चाहिए ता लाती हू ? क्या कह रही थी ! हा ! नट्टू को कुछ दिन हुए डिब्बा भर क गुजिया भजी वहा उसके दोस्तो का तो बहुत ही अच्छी लगी । (हसती है) अच्छा है ! चार जनो ने चखी तो सही ! आज आपने खाई,

नहीं बहन की—
अभी नहीं ! देख रहे हैं मनपस द लडका भी तो मिलना चाहिए ना !
उम्र कितनी है ?
छब्बीस साल—यहा मेरे मामा हैं वे देख रह है पर हमारा दीनू है शादी लायक, इक्कत्तीस साल का है।
पर वो अमरिका म
लेकिन वा आन वाला है आना ही है उस।
दिखने म तुम जैसी है ?
मुझस अच्छी है।
तब तो चलगी हमारे दीनू को (नाना से) आज रात फोन करना है उसे, याद है ना ? इसक बारे म भी जिक्र कीजिए ! उस कहना
(नानी को रोकते हुए) तू जरा रुक ह !
क्यो ?
(उसे हाथ से ही रुकन को कहते हैं) मैं यह कह रहा था तू पइगगस्ट होकर रहने आया है ना ?
कहा ?
उन करदीकर क यहा !
करन्दीकर कौन ?
(बोर होकर) तू जरा रुकेगी ? (विनय से) मैं क्या कह रहा था तू उन करदीकर क यहा पेइगगस्ट हाकर रहन वाला है ना ?
हा। पर दखूगा पहल जाकर जगह वगैरह—
वहा तुम्हे क्या क्या सुविधा मिलगी ?
सुबह चाय ब्रेकफास्ट नहान क लिए गम पानी !
बस ? और पस कितन लेंगे ?

विनय सौ एक रुपये शायद थोड़े ज्यादा ही

नानी कितनी महगाई है दखो ! दीनू हास्टल म रहता था तो दो ट,इम का खाना सत्तर रुपये म और उस पर भी इतवार की फीस्टे !

नाना (बोर होकर) तू (विनय से) रुक जरा ! मैं क्या कह रहा था तू यही क्या नही रहता ? ब्रेकफास्ट दोपहर का खाना रात का खाना सात वक्त दूध

नानी वह भी बादाम वाला ! आजकल दूध के लिए बादाम केसर तो पिसा पिसाया मिलता है मरे पास है डालो बस दूध तैयार ! पहले कैस था ? बादाम छीला उन्ह दूध मे उबाला केसर लाओ।

नाना (उसे रोकते हुए) तू जरा रुक ! (विनय से) और इस सबके लिए तू मुझे एक पैसा भी मत देना !

विनय (चकित होकर) मुफ्त ?

नाना बिल्कुल मुफ्त।

विनय इमस आपको क्या फायदा ?

नानी तू हमारा तीसरा बेटा है तुझसे थोड़ी रौनक हो जाएगी यहा भी।

नाना (नानी से) तू जरा रुक ! (विनय से) तुझ जैसा ब्राइट लडका परदेश जान की इच्छा ही नही जिस इतना अच्छा स्वभाव तरा साथ मिलेगा हम कल जब तू बडा इजीनियर हो जाएगा हम गव स कह सकेग वो यही पढता था।

नानी और तो क्या ? हम दोनो का बुढापा। हम म स किसी न भी आखें मीच ली तो झट स चार लोगो का इकट्ठा करन के लिए तो कोई होना चाहिए।

नाना (चिढकर) तू अब जरा चुप रहगी ? उसक लिए कोई नही चाहिए हमे अभी कोई नही मर रहा

किसका क्या पता ?
(चिढ़कर) तू यह बीच-बीच म मत बोल !
मैं अ दर ही जाती हू (कप उठाकर अ दर जाती है)
मैं बता दूगा आपको बाद म पर आपके पास जगह कितनी है ?
इतनी ही ! हम दानो जगह का करेग क्या ? कल जब दीनू आ जाएगा, नदू आ जाएगा, बडी जगह ले लेगे। पर यहा तुम्हे तकलीफ बिल्कुल नही होगी एक नई काट लाकर लगा दता हू इसकी काट रसोईघर म लग जाएगी बडी है रसोई ! और नानी तुझे ऐसा खाना खिलाएगी
(बाहर आती है) तुझे क्या चाहिए क्या नही, उतना बता बस ! यहा तो कोई एसा कहन वाला होना चाहिए मेरा यह पाव ही एसा है, मैं कोई थकी नही । (हसती है)
(बेचनी से हसता है, छुटकारा पाने के लिए) अच्छा, चलता हू
हमेशा आता हू' ऐसा कहा करो।
हा अच्छा 'आता हू' मैं।
इतनी क्या जल्दी है जाने की ? बठो थोडी देर !
नही (घडी देखता है) अब चलना चाहिए !
अच्छा अच्छा ! अब तू आएगा कब यह बता। कल स ही आ जाना।
बताऊगा मैं आपको—
हमारा फोन नम्बर लिख ल। (विनय जेब से कागज निकालता है)
यहा फोन भी है ! तुझे किसी को करना हो तो—
582946। (विनय लिख लेता है) फोन करना। नही तो खुद ही चल आना। थोडी देर गप्पें मारते बठेंगे।

विनय आऊगा, आऊगा। जाता हू मा जी ! (नाना-नानी 'आना-आना' कहते हैं, विनय नमस्कार करके चला जाता है)

नाना (उसी की दिशा मे देखते हुए) बिल्कुल अपने दीनू की तरह दिखता है ना ? यह जरा दुबला है उसस

नानी दुबला क्या दीनू भी ऐसा ही है।

नाना (उदास होकर) हा है ! उसे देखे आठ साल हो गए। यह लडका यहा रहने आएगा तो अच्छा हो जाएगा रौनक हो जाएगी घर म ! बातचीत का रुख कुछ बदल जाएगा।

नानी वो जरूर आएगा यहा।

नाना क्यो ?

नानी अरे ! आजकल कौन मुफ्त म रहने मुफ्त मे खाने को देता है ?

नाना लेकिन अच्छा दिलचस्प लडका है आज अपनी मालू होती तो जवाई बना लेता इस

नानी जाने दो ! उसकी बहन दिखने मे अच्छी होगी तो बहू बना लेंगे दहेज वहेज कुछ नही लेगे पर शादी शान से करेग। (एक जरी की साडी उठाते हुए) यह साडी मैं एक बार शादी म पहनूगी और फिर दीनू की बहू को दे दूगी यह दूसरी नदू की बहू को—और यह—

नाना सबका सब कुछ देते देत सास के तन पर भी कुछ रहेगा या नही ?

नानी (अपने मे ही मुस्कराकर एक दो क्षण देखती रहती है) बचपना गया नही अभी आपका। वह विनय जब यहा रहने आएगा तो उसक सामन ऐसा अनाप शनाप मत बोलिएगा।

नाना उसे आने तो दे।

नानी वो जरूर आएगा मे लिखकर देती हू।

नाना बहुत अच्छा लडका है। कहता है इजीनियर होने के बाद

विदेश नहीं जाऊगा रक्खा क्या है विदेश मे। अपना दीनू देखो ।
दीनू भी एसा ही था। वह नौकरी छोडकर जान को तैयार कब था ?
(चिढकर) यानी मैंने उसे जबरदस्ती भेज दिया।
झूठ कह रही हू क्या ? आपने ही उसे वहा के ऐशो आराम का लालच दिया
अच्छा अच्छा ! तू वह साडिया तह लगाकर रख !
आप जरा तह लगवाइए
आराम स करेग ! रुक जरा मैं उस बच्ची का फोन करता हू (फोन घुमाते ही पीछे का एक कोना हरे प्रकाश से प्रकाशित हाता है। मूछो वाला बुड्ढा फोन उठाता है।)
है लो है लो
है लो कौन ?
शर्मिला है क्या ?
क्या काम है ? आप कौन ?
मैं उसका (घबराकर फोन नीचे रख देते हैं, कोने मे अधेरा।)
क्या हुआ ?
वही बुड्ढा फिर स ! कहगा (शर्मिला के दादा की नकल करते हुए) 'आप उसके दादा कैसे ? मैं उसका दादा !"
(हसते है)

[अधेरा। प्रकाश। बाहर अधेरा। सडक पर का लैम्प जल रहा है। नाना नानी साडियाँ की तह लगा रह है। इतने म दूर म बैंड की आवाज सुनाई पडती है और पास पास आने लगती है। किसी की शादी की बारात आ रही है।]

नानी कसी आवाज आ रही है ?

नाना (जल्दी-जल्दी बालकनी मे जाते हैं और दूर तक देखते है) बारात बारात आ रही है (जल्दी से अदर जाते है)

नानी वारात ? (खुश होती है) किसकी ?

नाना तरी।

नानी (गदन झटककर) बडे रग म आए हो

नाना (हसते हैं, फिर जल्दी से) जल्दी चल देखेंग हम भी या शामिल ही हा जाए ?

नानी कहा ?

नाना वारात म।

नानी हटिए। वारात किसकी है, कौन जान।

नाना किसी की भी हा हम घुस जाएगे।

नानी एसे ही ?

नाना ऐसे ही क्यो ? यह जरी की ओढनी आढ नथ डाल देखू तो सही, दीनू की शादी म कैसी लगगी ?

नानी और फिर नीचे जाएगे ? आप जीना उतर कर

नाना कहती तो ऐसे है जसे तू खुद पैर घसीट कर जा सकती है। वालक्नी से ही देखेंगे। वारात के लाग हमारी तरफ देखेंगे

नानी (ओढनी ओढते हुए) आप मुझे नथ और गहने ता दीजिए !

नाना जल्दी कर ! मैं भी जरा तैयार होता हू बारात के लाग मुझे कही नौकर न समझ ले।

[अलमारी खोलकर सलवटे पडा हुआ रेशमी कोट निकालकर पहनते है। सिर परजरी की टापी रखत हैं। वालकनी पर आकर वारात कितनी पास आई, देखते हैं ' चल जल्दी कर बारात पास आ गई है।" वारात का वड जार स सुनाई देता है।]

नानी (नाक मे नथ डालकर नानी तयार। नाना उसे एकटक देखत

रहते हैं और विनोद से सीटी बजाते हैं) हटिए भी। थोडा इत्र लगा दीजिए।
(उसे एकटक देखते हुए) अब तेरा इत्र लाने बाजार जाता हू।
(नाना को देखते हुए) इश्‌। ऐसा भी क्या देख रहे हैं ?
मुझे लगा तू ही मडप म बठने वाली है
बस बहुत हो गई तारीफ।

[जल्दी-जल्दी दोना बालकनी म खडे हो जाते हैं। नीचे से जाने वाली बारात का प्रकाश गैस बत्तिया, बैंड की धुनें, घोडे पर बैठा हुआ दूल्हा, बारात निकल जाती है, बैंड की आवाज दूर होती जाती है। नाना नानी अदर आते हैं।]

(खुश होकर) सच कहती हू मुझे लगा मेरा दीनू ही घोडी पर बठा है
तेरा दीनू घोडी पर बैठेगा !
जरूर बैठेगा मैं भला छोडूगी कहा उसे बारात भी बिल्कुल ऐसी ही निकलनी चाहिए।
निकलेगी निकलेगी अब तू कपडे उतार !
इन दो मिनटा के लिए आपने मुझे यह कपडे डलवाए क्या
अब यह उतारो दूसरे पहनो
तो मत पहना, पहनने की जरूरत क्या है ?
बहुत हो गया मजाक सठिया गए हो !
(हसते हैं) सारी औरतें गदन ऊपर किए तेरी तरफ ही देख रही थी !
पर आप क्यो इतने ध्यान से उन सब औरतो को देख रहे थे ?
(चिढकर) तू भी एसी है ना। इतनी उम्र हो गई। पर तेरा शक्की स्वभाव वैसे का वसा रहा।

[इतने म एक तरुण दरवाजे के पास आकर दरवाजा

खटखटाता है नाम है श्याम देशपाडे ।]

नाना कौन ?

श्याम मुझे श्याम देशपाडे कहते है । आप कही बाहर जा रहे है ?

नाना नही नही, अदर आइए

श्याम बाहर से आ रहे है शायद । उस बारात से ?

नाना हा हा ! बैठिए बैठिए ।

श्याम किसकी शादी थी ?

नाना हमारे किसी रिश्तेदार की

श्याम अच्छा अच्छा । मैं आज न्यूयार्क से आया हू ।

नाना (हर्षित होकर) हमारा दीनू मिला था क्या ?

श्याम हा

नानी कैसा है ?

श्याम अच्छा है ! खूब अच्छा चल रहा है उसका ! नौकरी भी बहुत अच्छी है ।

नानी उसे छोडो । यहा कब आने को कह रहा था ?

श्याम पक्का नही कुछ । पर एक बार तो आएगा ही !

नाना यह तो वह आठ साल से ही कह रहा है । आप वहा कितने साल से रह रहे है ?

श्याम दो साल से । जस्ट टू इयर्स ।

नानी आप कैसे आ गए दो सालो मे ? ऐसे ही दीनू को आने मे क्या तकलीफ है ? क्यो नही आता वह ?

श्याम नौकरी का मामला है उसका !

नानी आग लगे ऐसी नौकरी को

नाना नौकरी क्या उसे यहा आने पर नही मिल सकती ?

श्याम ऐसा आप कहते है—पर यहा आने पर नौकरी नही मिलती, यह सच है ।

ता फिर आप कस दो साल बाद वापिस आ गए ?
मरी बात और है। मेर पिता जी का यहा कारखाना है—
इतनी ऊची शिक्षा पाकर भी यहा नौकरी नही मिलती, इस पर मुझे यकीन नही होता। हमारा देश गरीब है इसलिए पाच पाच हजार की नौकरिया
पाच पाच हजार नही हजार डेढ हजार की नौकरी भी मिल जाए तो भी वहा रहने वाले लडके यहा आ जाए
लेकिन बेकार रहने के लिए या जिस किसी तरह पट भरने के लिए यहा कैस आए ?
तो फिर उपाय क्या है ?
हम बूढे अपने बुढाप म किसका मुह देखें ?
यह भी सच है ! (सोचते हुए) पर वह भी क्या करे ? और आप भी क्या कर सकते है ? अभी ता दाना ही प्रश्ना का उत्तर नही है।
(जरा-सा चिढकर) है ! दाना प्रश्ना का एक ही उत्तर है मैं राष्ट्राध्यक्ष होता तो हुक्म जारी कर देता कि काई भी नौजवान बाहर न जाए और (अधिक चिढ़कर) पढकर ता वहा रहना बिलकुल ही
आप बेकार मत अपना खून तपाइए। (श्याम से) उसकी तबीयत कैसी है ?
बहुत अच्छी है
कोइ सदशा दिया उसने ?
सदशा नही, पैस दिए हैं ! (पसा का उल्लेख होते ही नाना गुस्से मे चक्कर काटने लगते हैं) दीनू न दो सौ डालर दिए थ मुझे आती बार बोला डढ हजार रुपय आपका दे दू !
(नोटा की गड्डी आगे करता है, कोई हाथ आगे नहीं करता।

श्याम रुपये मेज पर रख देता है और कहता है—) गिन लीजिए।

नानी ठीक है रहन दीजिए यहा आने के लिए उसन कुछ कहा ?

श्याम (घबराकर) नही कुछ कहा तो नही !

नानी पर अब उस यहा आ जाना चाहिए (नाना को) आप उसे फोन कीजिए (श्याम को) यहा एक अच्छी-सी लडकी है उसके लिए

श्याम (हडबडाकर) किसके लिए ?

नानी दीनू के लिए

श्याम दीनू न शादी कर ली है आपको पता नही ?

नाना-नानी (चिल्ला पडते ह) कब ?

श्याम पिछले रविवार ! रिसेप्शन अटेंड करके ही म वहा से चला था।

नानी लडकी कहा की है।

श्याम वही की ! अमेरिकन लडकी है !

[एकदम भयानक शाति हा जाती है। कोइ, कुछ नही बोलता। श्याम हडबडा जाता है। नाना खिडकी के पास आ जाते ह। दु ख स कही दूर देखत हुए—]

नाना मुझे लगता,ही था—

श्याम लडकी बहुत अच्छी ह—आप दु खी मत होइए आजकल ऐसी शादिया हाती ह बहुत होती ह !

[श्याम घबराकर इधर उधर देखता रहता है। उसे लगता है यह खबर उसने ठीक तरह नही दी या कुछ भूल हो गई है उससे। नानी अपना रोना रोक नही सकती। आखो से पल्लू लगाकर वह धीरे धीरे रोने लगती है। नाना खिडकी के पास खडे अधेरे म कही

देगत रहते ह । कोई भी कुछ नही वोलता । इतन म
अच्छा आय एम वरी सारी मारी जाता हू मैं ।'
ऐसा कहकर श्याम चला जाता है। नाना ठडे हुए हुए
कोट और टापी उतारत हैं। नानी अपनी आखें-नाक
पाछती हुइ नथ और गहन उतारनी है। नाना मज क
पास कुर्सी पर वैठत ह। सु त होकर वही कुछ दगत हुए
टेवल लैम्प का वट दवात रहत हैं। लैम्प जलता-
वुझता रहता है। यह सब चल रहा है। तभी अधेरा।

प्रकाश—कुछ दिन वीत गए हैं। समय सुवह का
है। नाना वालकनी की वेल को पानी दे रहे हैं। नानी
उदास दिल से खिडकी क पास एक स्टूल पर वठी है।
नाना पानी का लोटा अदर रखकर बाहर आत हैं।
कुर्सी पर वठत है। कुछ देर छत की तरफ देखत रहत
हैं। फिर सामन देखत हैं। निरुद्देश्य अखबार उठात
है और उदास जरो स देखत है। नानी थोडी देर नाना
की तरफ देखती रहती है। फिर गुस्सा होती है।]

आपको और कोई काम नही क्या ?
(एकदम अखबार रखते हुए) मुझसे कुछ कहा ?
और किमस कहूगी ? है ही कौन यहा ?
क्या कहा ?
सर मेरा !
पर हुआ क्या ?
लगातार पेपर क्या पढ़ रहे है ! रात का नानेश्वरी पढने को
कहा तब तो आपकी आखें दद करती है ! और अब पपर
पढत वक्त आखें नही दुखती ?

नाना (गुस्से से) लेकिन कौन पढ रहा है पपर ? यहा पडा था यू ही उठा लिया। वैठा-वठा करू भी क्या ?

नानी वोलना चाहिए आदमी को, कुछ न कुछ घर खाने को दौडता है

नाना बोलना चाहिए ? किस विषय पर ?

नानी किस विषय पर।

नाना सच पूछे तो मुझे अब बोलने मे भी आलस लगता है। मैं बालता हू तू सुनती है तू बोलती है मैं सुनता हू। दिन पे दिन महीनो पे महीनो, वर्षों पे वष। बोलने या सुनने के लिए और कोई भी तो नही !

[थोडी देर दोनो ही चुप बठे रहते हैं। छत की तरफ देखत है। ऊपर एक चिडिया इधर से उधर फुदक रही है। नाना फिर पेपर उठात है। और—]

नानी (एकदम चिढ़कर) पेपर रखिए नीचे !

नाना क्यो ?

नानी मैं कह रही हू इसलिए रखिए पहले पेपर नीचे

[नाना पेपर नीचे रख देते हैं और उसकी तरफ देखने लगत हैं। फिर पेट दबाते हुए कुछ बोलने के लिए बोलते हैं।]

नाना आज पट एकदम खराब है—

नानी पेट खराब होने को खाया क्या है ?

नाना कहती है खाया क्या है खाया क्या है ! अरे इतना भारी पराठा जो ठूसा है मेरे पेट म—

नानी अजवायन का पराठा था। कुछ वदहजमी नही होगी। रोज-रोज कप-भर दूध पिओ और सो जाओ, यह भी क्या हुआ ?

नाना (किंचित गुस्से से, किंचित बोर होकर) पर मुझे नही पचता ! पेट भारी हा जाता है मेरा !

कुछ भारी नही होता ! इधर से उधर चार चक्कर लगा लीजिए जब देखा तब बैठे रहते है वो पेपर लेकर। उठिए ना ! पहले उठिए !

किसलिए ? उठू किसलिए ?

जरा चक्कर लगाइए ! उठिए।

(उठते हैं। इस कोने से उस कोने तक चक्कर लगाते हैं और कहते हैं) पर तुझे कह देता हू, नानी ! आज रात कुछ बनाएगी तो प्राण चले जाए तो भी मैं कुछ नही खाऊगा और दूध भी नही पिऊगा। अच्छी तरह ध्यान मे रखना हा !

ऐसे कैसे चलेगा ? मैंने सूजी भून कर रखी है ! थोडा सा हलवा तो खाना पडेगा ? ऐसे नही चलेगा !

चलेगा नही यानी क्या ?

मैं सब समझती हू—जब से दीनू की शादी की खबर सुनी है, आप कुछ खाते पीते नही ! इतना क्या जी को लगाते है ?

तुझे किसने कहा ? दीनू ने अमरिकन लडकी से शादी कर ली, तो मुझे भला किसलिए बुरा लगेगा ?

आपको मुझे कुछ भी बताने की जरूरत नही। मै सब समझती हू ! जब देखा जाए तो महसूस तो मुझे होना चाहिए पर मुझ मे बडा धीरज है।

बडी आई धीरज वाली ! उठते-बैठते रोती रहती है—मैं क्या समझता नही ?

मैं रोती हू अपने कर्मों को ! दीनू ने शादी कर ली इसलिए नही !

[आंखों पर पल्लू रखकर रोती है]

पर अब क्या रो रही है तू ? हमने ते किया था ना ?

(उदास होकर) क्या ?

नाना दीनू की शादी के बारे म बार बार बात करके दु खी नही होगे।

नानी मैं कहा बात करती हू ? मैं तो कुछ नही कहती। कर ली उसन शादी ! हो गइ उसक मन की। हमारा क्या है ? हम आज हैं—कल नही।

नाना (रूखेपन से) आज हैं कल नही ! एसे कहत-कहत आठ दस साल बीत गए ! ऐम ही और आठ दस साल ।

नानी (ठडी सास भरते हुए) नही नही। अब यह जीना नही है ! कोई उम्मीद नही बची जब !

[थोडी दर शाति। नाना कुर्सी पर बठत हैं। फिर कुछ देर नानी की तरफ बडी शुष्क दष्टि स देखत रहत ह। नानी साडी क पल्लू स ही नाक आखे पोछती हुई अपना राना थामती है। नाना क्षण भर उसकी तरफ देखत रहत है और फिर—]

नाना उस विनय का कुछ पता ही नहीं ! अब बहुत किए वो आएगा भी नही।

नानी ऐसा किसलिए कह रह है आप ?

नाना (ऊपर चिडिया की तरफ देखते हुए) उस दिन जब वो यहा आया था ना तुझे वो सब नही कहना चाहिए था

नानी (करुण स्वर से) क्या, मैंने क्या कहा था उसे ?

नाना तूने उसे कहा ना ! कि रात बरात हममे से कोई आखें मीच ले तो चार लोगो को इकट्ठा करन के लिए कोई तो पास होना चाहिए

नानी (कुछ न समझते हुए) तो क्या हुआ ?

नाना उसी से घबरा गया होगा वो—

नानी पर झूठ क्या कहा मैंने ? मान लीजिए आज रात आधी रात को मुझे कुछ हो जाए तो आप कहा, किसे जाकर आवाज

लगाएग ? और आपका कुछ हो जाए (रोने लगती है) तो मैं क्हा जाऊगी ? (गला भर आता है। उससे बोला नहीं जाता। नाना को भी कुछ सूझता नहीं। वह सिर्फ नानी को तरफ देखते रहते हैं। क्षण दो क्षण। तभी फोन बजता है—)
(फान उठाते हैं) हलो हला

[दूसरी तरफ परदे के एक कोने मे पील प्रकाश म विनय भाल दिखाई देता है।]

हला नाना साहब है क्या ? मैं विनय भोले वाल रहा हू
अरे तू आएगा आएगा कह रहा था पर आएगा कब ?
(एकदम प्राण मे प्राण आते हैं) नदू बोल रहा है क्या ?
उसका क्या हुआ नाना साहब
(दिखावटी गुस्से से) तू मुझ नाना साहब मत कहा कर। सिर्फ नाना कह ! नाना की टाग वाला नाना ! (हसते हैं विनय भी हसता है।) हा हा तो क्या हुआ ?
यहा मरे मामा रहत है—वे अकेले हैं।
अकेले मतलब ?
वाल बच्चे नही और वस भी विधुर है।
अरेर !
(चिन्ता से) क्या ? क्या हो गया ?
(फोन पर हाथ रखकर) कुछ नही ! (हाथ उठाकर) हा !
तो मामा कह रहे हैं तू और कही जाकर क्या रहेगा ? यही रहना चाहिए तुझे ! माफ कीजिए
ठीक है। ठीक है।
आपके साथ रहकर मुझे सचमुच बहुत अच्छा लगता ।
ठाक है ! यह सब बातें सयाग की होती हैं—
मैं बीच बीच म आपर पास आता रहूगा फान पर भी बात करूगा चलेगा ना ?

नाना हा हा आपके मामा क घर फोन है क्या ?

विनय नही ! फोन नही है।

नाना अच्छा ! (समय काटने के लिए) और क्या खबर है ?

विनय और बात यह है कि मैंने बेलगाव पत्र लिखा था मेरे पिता जी का

नाना अच्छा अच्छा

विनय मरी वहन है ना शादी लायक और आपका वडा लडका

नाना (जल्दी से) छोटा लडका, वडा नही—

विनय (चकित होकर) क्या ? वडे का रिश्ता तै हो गया ?

नाना तै नही, शादी भी हो गई !

विनय इतनी जल्दी शादी भी हो गई ? और मुझे आपने बताया तक नही ?

नाना (हडबडाकर) तरा पता ही कहा था हमारे पास ? खबर कसे करत तुझे ?

विनय लडकी कहा की है ?

नाना लडकी ?

[जल्दी से फोन डिस्कनक्ट कर देते है। कोने म अधरा। नाना प्राणान्तक पीडा महसूस करते हुए खडे रहत है।]

नानी (घबराकर) क्या हुआ ?

नाना विनय पूछ रहा है, दीनू की शादी किससे हुई ? उसकी वहन है ना शादी लायक

नानी आप या चोरा की तरह क्यो महसूस करत हैं ? दीनू ने अपनी शादी खुद की है। हम चोरी काहे की ? हम सब को सच क्या न बताए ? छिपाए क्यो ?

[फोन पुन बजता है। नाना फोन उठाते हैं। दूसरी तरफ पीले प्रकाश म विनय।]

हू ला
फोन एकदम डिस्कनक्ट हो गया
हा हा !
तब फिर यू करें ?
क्या ?
जापके छाट लडक के लिए—
नद्दू के लिए ? उसकी उम्र अट्ठाईस के आस पास
ठीक है। देख लेंगे हमी न तो दखना है। आखिर—
सयोग की बात है बाबा सयोग की बात !
आपको लडकी की ज मपत्री वगैरह चाहिए ?
अभी नही ! जाठ दस दिन तक नद्दू खुद ही जाने वाला है
यहा।
अरे वा ! तब तो फिर से गुजिया बनेंगी।
(हसते हुए) हा हा ! गुजिया का क्या है ? गुजिया तो तरे
लिए भी बन सकती है
सुनत हे ? उसस पूछिए आ कब रहा है ? खास उसक
लिए बनाऊगी गुजिया ! यहा तो कोई मन स खाने वाला
चाहिए !
नानी कह रही है तू आएगा कब, यह बता जितनी चाहिए,
गुजिया बनाऊगी, खाने वाला चाहिए कोई !
आऊगा जरूर आऊगा मैं।
तो नद्दू क जाने पर लडकी देखने का प्रोग्राम बनाएग हम
तरी बहन यहा जा सकती है ? हम सफर करने म जरा मुश्किल
होती है।
आ जाएगी ! ले आएगे हम उस।
तब ता ठीक है।
अच्छा। नानी स मेरा नमस्कार कहिए।

नाना नही, मैं नानी से तरा नमस्कार नही कहूगा, तू खुद यहा आकर नानी का नमस्कार कर ।

विनय (हसते हुए) आऊगा आऊगा।

नाना (समय काटने के लिए) और क्या खबर है ?

विनय और तो कुछ खास नही। अच्छा ! फोन रखता हू !

[भट से फोन रखता है। दूसरी तरफ अधेरा। नाना कुछ देर 'हलो हलो' करत रहते ह। फिर फोन रखते है।]

नाना मुझे लगता है, अपने नदू के साथ यह लडकी जच जाएगी ! विनय की बहन !

नानी पहले कुछ मत कहिए। क्या पता किसकी गाठ किसके साथ जुडे ? इतना जरूर है, स्वभाव की अच्छी हा। नही तो नदू को पटाकर अलग घर बना लेगी।

नाना (एकदम चिढकर) तरी यही बुरी आदत है ! पहले से ही कुछ का कुछ बोलती रहेगी। शादी तो हो जाने दे पहल ? उसकी शादी हो गई तो अपनी जिम्मेदारी खत्म ! फिर हम दोना कही भी दूर जाकर शान्त चित्त से समाधि ले ले ! !

नानी समाधि ? हा हा ! लेगे ! आपको थोडी चाय दू ?

नाना बनाई है ?

[नानी पाव घसीटती हुई अदर जाती है। नाना फोन करने लगते है। दूसरी तरफ हर प्रकाश म शर्मिला के दादा जोर से 'हलो हलो, कौन है ??' चिल्लाते है। नाना कुछ बोलते नही। सिफ जीभ बाहर निकालते है और फोन नीचे रख देते है। इतने म नानी आती है।]

नानी अब एक बात आपसे भी कह देती हू।

नाना क्या ?

नानी नदू एक बार यहा आ जाए तो उसे छोडिए नही। उससे कहिए,

मिलिटरी की विरियानी, पुलाव नही चाहिए हम ! घर की रूखी सूखी ठीक है। नौकरी नही की, तो भी चलेगा आपकी पेंशन खाकर भी सरेगा। वह सिफ यहा रहे, घर पर, हमारी नजरो क सामने।
मैं बक की पास-बुक उसके हवाले करक कहूगा जो चाहे धधा कर इनसे मेडीकल स्टार खोल चाहे रेडियो की दुकान खोल जो जी चाहे कर।
पर यह सब आप मुझसे कहन की बजाय उसस कहिए। वो जब आएगा तो चुप बठे रहेंगे। मन ता त कर लिया है, अब की बार उसने वापिस जाने के लिए कहा तो म उसके पावा म सर पटक कर प्राण दे दूगी, फिर वो और आप जो जी म आए कीजिए !
हा हा ! पर तू तो चाय लाने को कह रही थी ?
हो रही है गरम ! (अदर जाती है)

[नाना पुन फोन करत है। दूसरी तरफ पुन शर्मिला के दादा ! दादा 'हलो हलो' जोर स चिल्लात हैं। नाना इस बार भी कुछ नही बालत। बीच म एक बार फोन पर हाथ रखकर दबी हुइ आवाज मे चिल्ला चिल्ला !' कहते हैं। शर्मिला के दादा ऊचे ऊचे हला हलो कौन है' वगैरह चिल्लात रहत है। नाना आख मारकर हसत है। दादा फोन रख दत हैं। उस तरफ अधेरा ! नाना भी फोन रखत हैं।]

(चाय लाती है) किसका फान था ?
शर्मिला का करके देखा था। पर फोन बजा नही कि उसका दादा हाजिर ! (फोन उठाकर नकल करते हैं) हला—हला कौन, कौन बोल रहा है ? (धीमी आवाज करके) तरा दादा ! नीचे रख फान ! (फोन नीचे रखते हैं) लगता है मिलिटरी म

था। फोन पर भी हुकूमत जताने लगता है

नानी अपनी पोती को सभाल कर रखता होगा।

नाना इसमे सभालने की क्या बात है ? म उस भगाने जा रहा हू ?

नानी क्या पता किसी का ? (हसती है)

नाना तू जरा नम्बर मिला क देख—

नानी देखू नम्बर (नम्बर देखकर फोन घुमाती है। दूसरी तरफ प्रकाश मे शर्मिला) हलो कौन शर्मिला ?

शर्मिला हा। आप कौन ?

नानी बेटे ! मैं तेरी दादी—

शर्मिला कौन-सी दादी ?

नानी वो तेरे दादा, जो तुझे फोन करते है ना ?

शर्मिला अरे हा वो राग नम्बर वाले दादा ?

नानी हा हा ! उ ही की पत्नी हू मैं यानी तेरी कौन ?

शर्मिला राग नम्बर वाली दादी—

नानी शैतान लडकी ! क्या कर रही है ? स्कूल नही जाएगी ?

शर्मिला स्कूल जाने की ही तैयारी कर रही हू अब जाऊगी दादा क्या कर रहे हैं ?

नानी दादा इस वक्त जरा स चिढे हुए हैं (नाना गुस्से से हाथ झटकते हैं)

शर्मिला क्यों ?

नानी पुरानी आदत है। बोल जरा उनके साथ भी।

नाना (फोन लेते हैं) अरे ! शर्मिला ?

शर्मिला आप गुस्सा है क्या ?

नाना वो बाद मे बताता हू। पहले मुझे दादा कहकर पुकार !

शर्मिला दा दा !

नाना (सुख महसूस करते हैं) ऐसे ! कितना अच्छा लगता है !

शर्मिला गुस्सा गया ना अब ?

हा ! बिलकुल !

। नटू भैया आ गए क्या ?

अभी नही ! लकिन आएगा !

। कब ?

इसी हफ्त आना चाहिए।

। वो आए ता मुझे बताइए मुझे उनसे मिलना है

क्यो कोई काम है उनस ?

। हा, दो काम हैं

कौन स ?

। मुझे उन्हे पायलट की ड्रस म देखना है

अच्छा अच्छा ! और दूसरा ?

। इस बार परीक्षा म 'पायलट की आत्मकथा' पर प्रस्ताव आएगा मैं उ ही से पूछूगी।

अर ! इमम उनसे पूछने की क्या बात है ? हम उ ही से लिखन को कहूगे ! ठीक है ना ? हला

[तभी ऊपर से शर्मिला क दादा आते हैं और उसस पूछत है 'किसस बोल रही है ?' किसी स नही कहकर शर्मिला फोन नीचे रख देती है। दूसरी तरफ अधेरा। नाना कुछ घबरा कर फोन नीचे रख देत है।]

क्या हुआ ?

होगा क्या ? उसका वो बूढा दादा फिर स आकर चिल्लाने लगा (चिढकर) मैं और वो जब बात कर रहे होत है, यह बुडढा पता नही क्या बीच म टपक पडता है ?

वो सब तुम्हारा तुम जानो मैंन ता फोन मिला दिया था—

(चिढकर) बडा उपकार कर दिया ! फोन पर कौन बात कर रहा है स्कूल जान वाली बच्ची या कोई बडी औरत, यह देखना था तुझ ! मैं अच्छी तरह जानता हू तुझे ! अब मुझे कुछ मत

बता तू ! (नानी हसती है।)

नाना रहने दो।

[हसी रोककर नानी एकदम गम्भीर हो जाती है। नाना उसकी तरफ टकटकी लगाकर देखत रहत हैं। नानी भी थोडी देर टकटकी लगाए देखती है। फिर कोने म रखी झाड़ू उठाती है।]

नाना (ठडेपन से) क्या करन लगी है ?

नानी जरा झाड़ू लगा देती हू।

नाना क्यो ? म्हादू नही आएगा ?

नानी देखत तो हैं वो कैसी झाड़ू लगाता है। सारी धूल ज्या की त्यो

नाना कहा है धूल ? यहा इतनी धूल आएगी कहा से ?

नानी (जमीन पर पैर रगड कर दिखाती हुई) यह क्या है ?

नाना (आगे होकर नानी के हाथ की झाड़ू खींच लेते हैं) रसोई म जितना मरमर कर मरती है वही बहुत है ! कल अगर कमर पकडी गई तो सब कुछ मुझे करना पडेगा मैं लगाता हू झाड़ू ! देख, कैसे साफ करता हू कमरा !

नानी (झूठमूठ चिढ़कर) लाइए वह झाड़ू इधर ! कहते है साफ करता हू कमरा। कर लिया साफ ! मैं मायके जाती थी तब कैसा कबाडखाना बनाकर रखते थे, कमरे का, पता है मुझे !

नाना उस वक्त और काम होत थ मुझे। अब क्या काम है ? वक्त काटे नही कटता !

[नाना झुक कर झाड़ू लगाने लगते हैं तभी दरवाजा खटकता है।]

नानी देखिए कौन आया है

[नाना दरवाजा खोलते हैं। दरवाजे म म्हादू खडा है।

वह एकदम नाना के हाथ स भाड़ खीच लेता है और हमेशा की तरह जल्दी जल्दी भाड़ लगान लगता है। नाना शरमा कर देखते रह जात ह। और नानी पल्लू म मुह छिपा कर हसी दवाने का प्रयत्न करती है।]

साला पठान है एकदम

क्या हुआ ?

झाड़ कितनी जोर से खीची मर ने! एक थप्पड जड देता हरामजादे के! पर यह भी चला जाता। हमारे पास इतने साल टिकने वाला यही एक !

बचपन से ही यही आदत

किसकी ? मेरी ?

नही, म्हादू की वह रही हू। इतना सा बच्चा था जब आया था तब से हर काम म एसी ही जल्दी मचाता है जी का आराम तो है ही नही इसक !

यह मेरे हाथ की भाड़ खीच लेगा, मुझे पहले पता होता तो ऐसी कस के पकडता भाड़ कि साल का वाप आ जाता तो भी मेरे हाथ स नही छुडा पाता! (नानी हसने लगती है और हसते हसते खिडकी के पास जाकर पल्लू मुह पर रखकर बठ जाती है।) अब तुझे हसी क्यो आ रही है ? जरूर मुझ म कुछ नजर आया होगा। (नानी गदन से 'नहीं' कहती है पर हसती रहती है।) क्यो ? क्या हुआ, इतना हस क्यो रही है ?

